राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 29 अक्टूबर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में टी.बी. एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के टी.बी. के प्रति जन जागरूकता अभियान ''टी.बी. सील'' का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने टी.बी. एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड को ''टी.बी. सील'' अभियान के लिए रुपये 01 लाख देने की घोषणा की।

टी.बी. रोग के प्रति जन जागरूकता अभियान के तहत ''टी.बी. सील'' का अनावरण किया जाता है, जिसका मूल्य 05 रुपये है। इससे संचित धनराशि का उपयोग टी.बी. रोगियों की सहायता और रोग के प्रति जन जागरूकता अभियान में संस्था द्वारा खर्च किया जाता है। एसोसिएशन 2008 से राज्य में क्षय रोग के प्रति दूरस्थ क्षेत्रों में जनजागरूकता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित कर रही है। संस्था द्वारा टीबी से मुक्त हुए मरीजों हेतु स्वरोजगार में भी सहायता की जा रही है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड को टीबी मुक्त के लक्ष्य को पूरा करने में जन जागरूकता के साथ–साथ लोगों के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने लोगों से कहा की निःक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करने आगे आएं जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। उन्होंने निःक्षय मित्र बनकर रोगियों की मदद करने वाले लोगों को सम्मानित और प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत बताई।

राज्यपाल द्वारा स्वयं भी निःक्षय मित्र बनकर अभी तक 45 रोगियों के उपचार में सहयोग किया गया है और 13 रोगियों का वर्तमान में इलाज चल रहा है। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा संचालित विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी ली और उनकी सराहना की। इस अवसर पर महासचिव श्रीमती पूनम किमोठी, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रदीप कांडपाल आदि उपस्थित रहे।

............0............